छत्तीसगढ़ विधानसभा
पत्रक भाग-एक
संक्षिप्त कार्य विवरण
सोमवार, दिनांक 22 फरवरी, 2010
(फाल्गुन-3, शक संवत् 1931)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई।

(अध्यक्ष महोदय (श्री धरम लाल कौशिक) पीठासीन हुए।)

1.निधन का उल्लेख

माननीय अध्यक्ष ने स्व. श्री धनीराम पुजारी, अविभाजित म.प्र.विधान सभा के पूर्व सदस्य के निधन पर शोकोद्गार व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री-डॉ.रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष-श्री रविन्द्र चौबे तथा श्री केदार कश्यप, आदिम जाति कल्याण मंत्री ने भी शोकोद्गार व्यक्त किए।

सदन द्वारा दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगत के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

(दिवंगत के सम्मान में 11.08 बजे सदन की कार्यवाही स्थगित होकर 11.15 बजे पुनः प्रारंभ हुई।)

(अध्यक्ष महोदय (श्री धरम लाल कौशिक) पीठासीन हुए।)

2. प्रश्नोत्तर

प्रश्नोत्तर सूची में शामिल 25 तारांकित प्रश्नों में से प्रश्न संख्या 02, 04 से 06 एवं 09 से 11(कुल 7) प्रश्नों पर अनुपूरक प्रश्न पूछे गए तथा उत्तर दिये गए।

प्रश्न संख्या 01, 03, 07 एवं 08 के प्रश्नकर्त्ता सदस्य क्रमशः श्री भीमा मंडावी, श्री हृदय राम राठिया, श्री सौरभ सिंह एवं श्री संतोष बाफना अनुपस्थित रहे।

प्रश्नोत्तर सूची में नियम 46 (2) के अंतर्गत अतारांकित प्रश्नों के रूप में परिवर्तित 11 एवं 17 अतारांकित प्रश्नों के उत्तर भी शामिल थे ।

(12.01 बजे से 12.30 बजे तक अंतराल)

3.वर्ष 2010-2011 के आय-व्ययक का उपस्थापना

डॉ.रमन सिंह, मुख्यमंत्री ने वर्ष 2010-2011 के आय-व्ययक का उपस्थापन किया।

माननीय अध्यक्ष ने दिनांक 23, 24 एवं 25 फरवरी, 2010 की तिथियाँ आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा के लिए नियत की।

माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणा की गई कि - आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों पर प्रस्तुत किये जाने वाले कटौती प्रस्तावों की सूचना दिनांक 23 फरवरी, 2010 को अपराह्न 3.00 बजे तक विधान सभा सचिवालय में दी जा सकती है। कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत करने के प्रपत्र सूचना कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं।

अपराह्न 1.19 बजे विधान सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 23 फरवरी, 2010 (फाल्गुन 4, शक संवत् 1931) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई।

देवेन्द्र वर्मा
सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा